# रमज़ान में खजूरों से सज रही खाने की टेबल

रमज़ान में खजूर सिर्फ स्वाद नहीं, बल्कि अपने पौष्टिक गुणों के कारण भी पसंद किए जाते हैं। दुनिया के सबसे पुराने फलों में गिने जाने वाले खजूर की कई किस्में हैं। प्रीमियम मेडजूल से लेकर मदीना के अजवा तक, हर एक का स्वाद और बनावट अलग होती है। अब ये गिफ्टिंग का भी हिस्सा बन चुके हैं:

Pics: iStock

**अजवा** (मदीना, सऊदी अरब)
खजूर की यह किस्म धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व रखती है और इसका रंग गहरा भूरा-काला होता है। यह मेजूल से छोटा और सूखा होता है और हल्की मिठास के साथ रेशेदार होता है। ये प्रीमियम श्रेणी में आते हैं।

**खजूर** (भारत)
खजूर की यह किस्म फीनिक्स सिल्वेस्ट्रिस प्रजाति की है और राजस्थान, गुजरात, पश्चिम बंगाल व दक्षिण भारत के कुछ हिस्सों में इसे उगाया जाता है।

**मेडजूल** (मोरक्को)
इसे 'खजूरों का राजा' कहा जाता है। भूरे रंग का यह खजूर काफी मोटा और चमकदार होता है और मुंह में डालते ही घुल जाता है। इसे खाते हुए शहद और टॉफी का स्वाद आता है। गिफ्ट देने के लिए यह अच्छा है

**सुक्कारी** (सऊदी अरब)
यह खजूर नरम और शहद जैसे स्वाद वाला होता है और इसमें रेशे भी कम होते हैं।

**मज़ाफ़ती** (ईरान)
इसका रंग इतना गहरा भूरा होता है, जो लगभग काला ही लगता है। यह नरम, रसीले और मीठे होते हैं जिनमें कैरमेल मिला होता है।

**डेगलेट नूर** (अल्जीरिया और ट्यूनीशिया)
इसे 'खजूरों की रानी' कहा जाता है और इसमें हल्की मिठास होती है।

**बरही** (इराक)
इस खजूर का रंग ताजा होने पर सुनहरा-पीला होता है और पकने पर भूरे रंग का हो जाता है। यह सबसे मीठे खजूरों में से एक है और बेहद नरम होता है।

# इफ्तार की शामों के लिए मॉडर्न ड्रिंक्स



रमज़ान की शामों में ऐसे ड्रिंक्स अच्छे लगते हैं जो सिर्फ प्यास ही न बुझाएं, बल्कि पूरे दिन के रोजे के बाद धीरे-धीरे एनर्जी भी दें और स्वाद भी बना रहे। तो इस बार इफ्तार टेबल पर थोड़ा ट्विस्ट लाइए ट्रेडिशनल फ्लेवर में मॉडर्न टच के साथ।

## फिरनी का शेक


घर में बनी चावल की फिरनी को जब शेक बना दिया जाता है, तो ये एकदम क्रीमी और स्मूद ड्रिंक बन जाती है। मीठा भी हल्का-सा, पेट भी भरा-भरा लगे और एनर्जी भी मिल जाए। साथ ही पौष्टिकता भी भरपूर होती है। इफ्तार के लिए बढ़िया यह ऑप्शन है।

## चिया नारियल रिफ्रेशर

नारियल पानी की नेचुरल ठंडक और भीगे हुए चिया सीड्स का हेल्दी कॉम्बिनेशन, गर्म शामों में एकदम रिफ्रेश कर देता है। शरीर हाइड्रेट रहता है और हल्की-सी एनर्जी भी मिल जाती है। यह बॉडी को तुरंत एनर्जी देकर आपको एनर्जेटिक बना देता है।

# पान लड्डू ट्रफल: होली के दिन लें नए स्वाद का मज़ा

इन दिनों होली की धूम है। यह सिर्फ रंगों का ही नहीं, खाने-पीने का भी त्योहार है। तो क्यों न इस बार मेन्यू में ट्रेडिशनल डिशेज को दें मॉडर्न ट्विस्ट। पान और ठंडाई के स्वाद को ट्रफल्स और हल्की मूस के साथ नए अंदाज में परोसें। इससे स्वाद तो ट्रेडिशनल रहेगा, लेकिन सर्व करने का अंदाज खास होगा।



चम्मच 6-8 चम्मच

## पान लड्डू ट्रफल्स

सामग्री
- 1 कप खोया (मावा)।
- 2 बड़े चम्मच गुलकंद।
- 1 बड़ा चम्मच बारीक कटी पान की पत्तियां।
- 2 बड़े चम्मच सूखा नारियल।
- 2 बड़े चम्मच पिसे हुए डाइजेस्टिव बिस्किट।
- 50 ग्राम पिघली हुई डार्क या व्हाइट चॉकलेट (वैकल्पिक, कोटिंग के लिए)।
- सजावट के लिए कटे हुए पिस्ता या सूखी गुलाब की पंखुड़ियों को साफ और धोकर रख लें।

विधि :
- बाउल में खोया, गुलकंद, पान की पत्तियां, नारियल और बिस्किट का चूरा अच्छी तरह मिलाएं।
- इससे छोटे-छोटे लड्डू के आकार के बॉल्स बना लें।
- 20-30 मिनट के लिए फ्रिज में ठंडा होने रखें।
- पिघली चॉकलेट में डिप करके पिस्ता या गुलाब की पंखुड़ियों से सजाएं।

# बच्चे के जीवन में पिता का रहता है खास योगदानः डॉ. राजेंद्र जैना

समाज में जब भी त्याग और प्रेम की बात होती है, मां की ममता सबसे पहले याद की जाती है। निस्संदेह मां का स्थान अतुलनीय है, लेकिन क्या कभी हमने उतनी ही गंभीरता से पिता के त्याग को महसूस किया है? बच्चे के आने की खबर से मां जितनी खुश होती है, पिता का मन भी उतनी ही उम्मीदों से भर जाता है। वह भी आने वाले जीवन के लिए योजनाएं बनाता है और जिम्मेदारियों का भार अपने कंधों पर ले लेता है। बच्चे के स्वागत की हर तैयारी में उसका उत्साह उतना ही होता है, बस उसका तरीका अलग होता है कम शब्दों में, ज्यादा कर्मों में।




लेखक, निर्माता, निर्देशक, सिंगर एवं अभिनेता डॉ. इंजीनियर राजेंद्र जैना

लेखक, निर्माता, निर्देशक, सिंगर एवं अभिनेता डॉ. इंजीनियर राजेंद्र जैना का मानना है कि बचपन में पिता ही वह हाथ होता है, जो बच्चे को गिरकर उठना सिखाता है। अनुशासन, सही-गलत की पहचान और आत्मनिर्भरता जैसे जीवन के छोटे-छोटे सबक देता है। स्कूल से लेकर कॉलेज और उच्च शिक्षा तक, हर जगह पिता का योगदान खास रहता है। जब भी बच्चा किसी परेशानी में पड़ता है या आर्थिक मदद की जरूरत होती है, पिता बिना किसी शोर के उसके पीछे खड़ा मिल जाता है। संस्कारों की बात हो या दुनिया की चुनौतियों का सामना करने की ताकत देना, पिता ही वह व्यक्ति होता है जो बच्चे को मजबूत बनाता है। डॉ. इंजीनियर राजेंद्र जैना कहते हैं कि जीवन के सबसे महत्वपूर्ण पड़ाव यानी विवाह में भी पिता की भूमिका उतनी ही महत्वपूर्ण होती है। वह हर जिम्मेदारी को निभाते हुए सिर्फ एक बात सोचता है, बच्चे का सुख। फिल्मों और कहानियों में पिता का प्यार अक्सर कम भावनात्मक दिखाया जाता है। सच तो यह है कि मां का प्रेम दिखता है, लेकिन पिता का प्रेम चुपचाप जीया जाता है। इसलिए तुलना की जगह समझ की जरूरत है।

फिल्म एवं टीवी सीरियल समीक्षक सुनील पाराशर का कहना है कि डॉ. इंजीनियर राजेंद्र जैना का संदेश भावपूर्ण और प्रेरणादायक है। उनके अनुसार, मां की ममता और दिल की कोमलता तथा पिता की कुर्बानियां और संघर्ष, इन दोनों के संगम से ही जीवन पूर्ण बनता है। इसी गहरे पारिवारिक और सांस्कृतिक मूल्य को घर-घर तक पहुंचाने के उद्देश्य से उनका जल्द ही रिलीज होने वाला टीवी सीरियल 'गमोकार' दर्शकों के बीच आ रहा है। यह सीरियल शिक्षा और संस्कारों का संदेश देता हुआ, पूर्ण मनोरंजन के साथ प्रस्तुत किया जाएगा।



# मेरी सबसे बड़ी प्रेरणा मैं खुद हूं: पीयूष मिश्रा





CONTINUED FROM 1

इतनी प्रतिभाएं वह भी एक ही इंसान में। पीयूष मिश्रा के लिए कौन उनकी प्रेरणा रहा? इसके जवाब में वह कहते हैं, 'आज सबसे बड़ी प्रेरणा ध्यान है। वह मैं रोजाना करता हूं और मैं खुद अपनी सबसे बड़ी इंस्पिरेशन हूं। लोग कहते हैं कि मेरी जिंदगी में लड़की आई और सब बदल दिया, गुरु ने बदल दिया, ऐसा कुछ नहीं होता। मैंने यह करना चाहा, इसलिए यह हुआ। मैंने खुद को बदला। बाकी जो चीजें होती हैं कि मेरा बचपन ऐसा था, मेरे साथ ऐसा हुआ, यह सब बाहरी चीजें हैं। वे आपको ठोकती हैं, बाकी आपकी मर्जी है कि आप रिएक्ट करो या न करो। मैंने रिएक्ट कर दिया और वह क्रिएटिविटी में निकला। हो सकता है कि मैं खामोश हो जाता या उसका शिकार हो जाता लेकिन मैंने ऐसा नहीं किया, जिसका बहुत अच्छा रिजल्ट आया।'

## 'बहुत बड़ा स्टार बनने की हसरत नहीं रही'

पीयूष मिश्रा की आवाज काफी अलग तरह की है। उनका संगीत भी फिल्मी नहीं है, क्या शुरुआत में उसे बदलने की भी सलाह मिली ताकि वह फिल्मों में फिट हो सकें? इस सवाल के जवाब में वह कहते हैं, 'बोला तो नहीं गया लेकिन मैं खुद समझ गया कि मामला जमेगा नहीं। जिनको मुझसे काम करवाना होगा, वह करवाएंगे, जैसे अनुराग कश्यप हैं। जिनको नहीं करवाना होगा, वह नहीं करवाएंगे। अब तारीफ तो सब करते हैं कि भई, कमाल लिखते हो। ये है, वो है, काम कोई देता नहीं है। फिर भी मैं इस चीज को बहुत आराम से लेता हूं कि चलो यार ठीक है, या तो मैं आपके काम के लायक नहीं हूं या फिर आपका यह काम मेरे लायक नहीं है। मुझे बहुत हसरत नहीं है कि इतना बड़ा स्टार बनूं। जितना बड़ा बन गया, उतना मेरे लिए काफी है। मैं शाम को रोज ध्यान और विपश्यना करता हूं और पूरे दिन की दिनचर्या के बारे में सोचता हूं। तब मुझे कई बातों का समाधान मिल जाता है कि अगर मैंने कुछ गलत किया तो नहीं करना चाहिए था और किसी ने मेरे साथ गलत किया तो उसे माफ कर दो। तब लगता था कि अपनी नेमतें गिनो पीयूष मिश्रा। 1983 में तुम कहां से चले थे और कहां पहुंच गए।'




BUSINESS PARTNER: SCANDIA VOLVO, 88000 10188 (SOUTH DELHI) | SWEDE VOLVO, 93110 94068 (GURGAON) | VIKING MOTORS (A UNIT OF SWEDE AUTO), 85273 94189 (WEST DELHI)

Specifications, features and colours shown here may not be part of standard equipment. Accessories and features may change from model to model. The model, equipment, and possible vehicle configurations illustrated in this advertisement may not be offered in India. Volvo Auto India reserves the right to make changes without prior notice, in design, colours, materials, components, equipment, specifications, features, functions, make and models etc. ^Figure according to WLTP laboratory testing. In real world the range you experience can differ from above stated figure. #Google, Google Play and Google Maps are trademarks of Google LLC. Google is a trademark of Google LLC. Google Assistant is not available in certain languages and countries. Sequences shortened and simulated. Google features are only for 5 years. After 5 years, new terms and conditions apply. The commercial is shot outside India with a left-hand drive Volvo EX30. *Terms and conditions (T&Cs) apply. All offers are from Volvo dealerships. Please contact your nearest authorized Volvo dealership for detailed T&Cs. Buyback offer is applicable on the EX30 model and is subject to change without prior notice. Assured buyback percentages are dependent on the tenure, mileage chosen and other factors as will be stated in policy document. ~The EMI of INR 39999/- is from selected financier with loan tenure of 10 years on 33 lacs loan amount. Finance at sole discretion of financier, subject to their terms and conditions only. For product features and specifications visit https://www.volvocars.com/in/cars/ex30-electric/. Image is for representation only.

**NOTE : -**

**[ : राजस्थान पत्रिका , दैनिक जागरण delhi, नवभारत टाइम्स delhi, अमर उजाला delhi, हिन्दुस्तान delhi, Pioneer hindi delhi, जनसत्ता delhi, ]**

**English NEWSPAPERS**
**[ Times Of India delhi, Indian Express delhi, The Hindu delhi, Financial Express delhi, economic times delhi , the Pioneer english delhi , the tribune delhi ] ETC.**

We are providing all news paper pdf hindi and English want to read daily newspapers by pdf please msg me on telegram

2. आकाशवाणी (AUDIO)

**whatsapp Group ka link pane ke liye Newspaper_pdf_bot par jaye.**

**Click here to contact:-https://t.me/Newspaper_pdf_bot**
**Or type in Search box of Telegram**
@Newspaper_pdf_bot And you will find a channel
**BACKUP GROUP LINK**
**https://t.me/joinchat/5P9EL1JaqoYzNTI1**

# Hindi-English News Paper Website:- onlineftp.in